प्रदूषण मानकों के खिलाफ काम करने वाले औद्योगिक ईकाईयों को प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा एक के बाद एक शटडाउन का नोटिस दिए जाने से उद्योगजगत में हड़कंप

(असली आजादी न्यूज नेटवर्क) सिलवासा 01 दिसंबर। दादरा नगर हवेली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा प्रदेश में एक के बाद एक कई उद्योगों को प्रदूषण मांगों को पूरा न करने के लिए शटडाउन का नोटिस दिए जाने से पूरे उद्योगजगत में हड़कंप मचा हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय मंदी और भारत के गिरते जीडीपी के बीच दादरा नगर हवेली जैसे औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन द्वारा अपनाए जा रहे सख्त तेवर के बीच उद्योगजगत संकट में आ गया है। एक के बाद एक उद्योग ईकाईयों के पावर कनेक्शन काटने से उद्योग जगत पूरी तरह से भयभीत नजर आने लगा है। प्रशासनिक अधिकारियों की अपनी दलील है कि जब तक प्रदूषण नियंत्रण मानकों को संबंधित और दो ईकाईयां पूरी नहीं करती हैं तब तक इन ईकाईयों को चलने की अनुमति नहीं दी जा सकती है जबकि उद्योग ईकाईयों की प्रशासन से गुजारिश है कि प्रशासन मंदी के इस दौर में जिन मांगों को पूरा कराने के लिए उनके ऊपर पाबंदियां डाल रहे हैं उन मानकों को पूरा करने में करोड़ों रुपए का नुकसान उद्योग को उठाना पड़ रहा है और इन मानकों को पूरा करने के लिए भी निर्धारित नहीं उन्हें अंतरिम समय दिया जाना चाहिए, जिससे कि प्रशासनिक मानकों को पूरा करने की एक पर्याप्त अवधि उनको मिल सके। उद्योगजगत के लोगों का मानना है कि इस समय अंतर्राष्ट्रीय मंदी और भारत में गिरते औद्योगिक उत्पादन के कारण संबंधित औद्योगिक ईकाईयों के उत्पादन और बिक्री में रिकॉर्ड तोड़ गिरावट आई है जिससे कि पहले से ही उनके उत्पादन में 50% तक की कमी दर्ज की जा रही है। ऐसे में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं बैंकों के ईएमआई जमा करने के लिए किसी भी हाल में उद्योगों को ऑपरेटिंग मोड में रखना आवश्यक होगा नहीं तो दादरा नगर हवेली में एनपीए औद्योगिक ईकाईयों की बाढ़ आ जाएगी। इसी तरह अगर प्रशासन नियमों को लेकर बढता रहा तो वह दिन दुर नहीं जब दादरा नगर हवेली में अधिकांश औद्योगिक ईकाईयां एनपीए की श्रेणी में आ जाएंगी। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों प्रशासन ने कई ईकाईयों एवं होटल इंडस्ट्री से जुड़े होटल के बीच पावर कनेक्शन यह कहते हुए काट दिए थे कि प्रशासन को शिकायत प्राप्त हुई है इन उद्योगों से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और औद्योगिक ईकाईयां प्रदूषण मांगों का अनुपालन नहीं कर रही है। कल प्रशासन द्वारा टाइम टेक्नोप्लास्ट और अभिश्री पैकेजिंग नामक कंपनियों का पावर कनेक्शन काटने से पूरे उद्योगजगत में हड़कंप मच गया है।

असली आज़ादी
Mon, 02 December 2019
https://www.readwhere.com/read/c/46418880